# पर्ची वाले भजन लाल जी के राज में महिलाओं पर बढ़ गए अपराध : राखी गौतम



कोटा में महिला कांग्रेस की प्रतिशत अध्यक्ष राखी गौतम पत्रकारों से रूबरू हुई।

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान महिला कॉग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम के राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल पर कई आरोप लगाए और उनसे पूछा है कि आखिर पांच महिनों में आपने किया क्या। केवल बहन-बेटियों के प्रति अपराधों में वृद्धि कारवाई। जब राजस्थान में विधानसभा चुनाव थे तब भाजपा सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा का एजेंडा रखा, पोस्टर चिपकाए, महिलाओं से वादा किया, नही सहेगा राजस्थान कैंपेन चलाया, लेकिन यह सभी चुनाव वादे थे, सरकार के इरादे नेक नहीं थे, इसलिए पांच माह में ही सरकार के चेहरे का मेकअप उतर गया और हकीकत सामने आ गई। शनिवार को प्रेसवार्ता कर राखी गौतम ने बूढ़ादीत में युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। पड़ोस में ही बेटियां सुरक्षित नहीं है, अपहरण के बाद उसका दुष्कर्म होता है और लाज-शर्म के मारे वह आपने आप को आग लगा लेती है, जिस बेटी की शादी के सपने देखे जा रहे थे, उसके घर से उसकी अर्थी उठने के बाद माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। उनके हलक से अवाज नहीं निकल रही, मां बार-बार बेहोश हो रही है और पर्ची वाली सरकार के नुमाइंदे अभी तक उसकी सहायता के लिए आगे नहीं आए हैं।

लॉ एण्ड ऑर्डर पूरी तरह से खत्म, अपराधी बेखौफ कर रहे अपराध का तांडव-राखी गौतम ने भाजपा सरकार के बीते मात्र पांच महीने के कार्यकाल की निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं के साथ दिन प्रतिदिन अत्याचार, दुष्कर्म व मारपीट की घटनाएं बढ़ कर आंकड़ा 12 हजार से ऊपर पहुंच चुका है। प्रदेश में महिलाओं का सम्मान पूर्वक रहना मुश्किल हो गया है, बच्चियों व महिलाएं खौफ के साये में जी रही हैं, अपराधियों में किसी भी तरह का खौफ नहीं रहा है। लॉ एण्ड ऑर्डर पूरी तरह से खत्म हो चुका है और अपराधी आए दिन अपराध का तांडव कर रहे हैं। हर जिले में सरकार द्वारा कहा गया था कि महिला डेस्क होगी, महिलाओं की सुनवाई होगी, प्रत्येक शहर में एक एंटी-रोमिओ स्क्वाड स्थापित की जाएगे, अपराधियों को बक्शा नहीं जाएगा, महिलाओं को सम्मान मिलेगा, लेकिन यह सब कुछ कागजों में रहा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि महिला अत्याचार के खिलाफ महिला कांग्रेस जल्द ही रणनीति बनाकर इस गूंगी-बेहरी सरकार के कानों तक जनता की आवाज पहुंचाएगी और किसी भी सूरत में अत्याचार, दुष्कर्म की घटनाओं को बर्दाश्य नहीं किया जाएगा। राखी गौतम ने बूढादीत की घटना में पीड़ित परिवार के लिए 50 लाख की आर्थिक सहायता की मांग की है।

हर दिन 12 से 15 नाबालिग मासूम दरिंदगी का शिकार हो रही है- राखी गौतम ने कहा कि जब से राजस्थान में भाजपा आई है तब से अपराध को बोलबाला हो रहा है। निर्दोशों पर कार्रवाई हो रही है, अपराधियों को शरण दी जा रही है। राजधानी जयपुर में एक ही दिन में दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया गया, मालवीय नगर में आरोपी ने नशे मे महिला पर गंदे कमेंट्स करके महिला के साथ अभद्रता कर उसके ऊपर गाड़ी चढ़ाकर हत्या कर दी वही दूसरी ओर चित्रकूट इलाके में बाईक सवार बदमाशों ने बुजुर्ग महिला के गले से मंगलसूत्र तोड़ लिया। वही जोधपुर में भी बदमाशों ने माँ, बेटी, भतीजी का गला काटकर हत्या कर दी। इसी के साथ अलवर में भी नाबालिग बच्ची के साथ दो बदमाशों ने दुष्कर्म किया एवं झालावाड़ के सादर थाना क्षेत्र मे पन्नियां बीनने गई महिला के साथ दरिंदों ने गैंगरेप करने, कुछ महीनों पूर्व जयपुर के एक गावं में बच्ची के साथ बलात्कार कर दरिंदा 2 महीने जैल में सजा काटने के बाद बाहर आकर पीड़ित बच्ची एवं उसके परिवार पर गोली से वार करने जैसी घटनाएं घटित होने के साथ शाहपुरा में भाजपा विधायक द्वारा महिला अधिकारी के साथ किया गया अभद्र व्यवहार भाजपा सरकार के महिलाओं के गैर-जिम्मेदार एवं उदासीन रवैये को दर्शाता है। यदि सरकार महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाती है तो शीघ्र ही महिला कांग्रेस राजस्थान द्वारा सरकार के विरुद्ध कड़ा प्रदर्शन किया जायेगा व प्रदेश की महिलाओं को सरकार के खिलाफ सड़क पर आना पड़ेगा।

राजस्थान महिला अपराध में बन गया नम्बर वन-इस अवसर पर महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष निकिता हाड़ा ने कहा कि दिन-प्रतिदिन महिला अपराधों में राजस्थान में वृद्धि हो रही है। राजस्थान प्रदेश महिला अपराध में नम्बर एक पर पहुंच गया है। राजस्थान में महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामलों का आंकड़ा 12 हजार से पार पहुंच गया है। 10 वर्षीय मुक-बधिर बालिका के साथ बलात्कार कर पेट्रोल डाल कर सबूतों को मिटाने के लिए हत्यारों ने बालिका पर पेट्रोल डाल कर हत्या करने की घटना की। जयपुर में 40 वर्षीय महिला की हत्या कर चेहरा कुचलकर मृतका के शव को सड़क किनारे नग्न अवस्था में फेकने की घटना, जयपुर में महिला कंडक्टर ने बस के चलते युवकों से बस के गेट पर खड़ा होने से मना किया तो उसके साथ अभद्रता करने की घटना, बांसवाड़ा में नाबालिक बालिका को अगवा कर रैप करने की घटना को अंजाम देने के पश्चात बालिका के बीमार होते ही युवकों द्वारा बालिका को घर एक आँगन में छोड़ भागने के बाद बालिका की इलाज दौरान दम तोड़ने की घटना। बीकानेर जिले के रतनगढ़ क्षेत्र में 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार, छात्रा की तबीयत बिगड़ने के बाद मृत्यु होने की घटना। बासंवाड़ा के बिनौली क्षेत्र मे 19 वर्षीय युवती द्वारा शादी करने से इनकार करने के बार रेप कर आरोपी द्वारा युवती पर तलवार से जानलेवा हमला करने की घटना किसी से छुपी नहीं है। मार्च 2024 में दुष्कर्म के मामले 422 सामने आए अप्रेल माह 2024 मे दुष्कर्म के मामले 435 सामने आए हैं। इसी के साथ अपराधों की निस्तारण की स्थिति मे पेंडिंग केस मे अभी 73277 केस बचे हुए है जिसमे सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया। इस अवसर पर महिला कॉंग्रेस संगठन महामंत्री प्रियंका नंदवाना , प्रदेश उपाध्यक्ष निकिता हाड़ा, कोटा महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम, प्रदेश सचिव सुमन पेशवानी, पार्षद उषा ठाकुर, प्रदेश सचिव चेतना माथुर, पूर्व सरपंच गायत्री मीणा सहित कई महिला पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## सार-समाचार

### टीकाकरण दिवस 30 को

**कोटा,** (निसं)। पांच साल तक के बच्चों को बूथों पर पोलियो रोधी खुराक देने के लिए राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस के आयोजन को एक सप्ताह आगे बढ़ा दिया है। भारत सरकार से मिले निर्देश पर अब ये अभियान 23 की बजाय 30 जून रविवार को कोटा सहित प्रदेशभर में आयोजित होगा। एमडी एनएचएम एवं विशिष्ट शासन सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य डॉ.जितेंद्र कुमार सोनी ने शनिवार को पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थिति पुनर्निर्धारण के अलावा शेष निर्देश यथावत रहेंगे। सीएमएचओ डॉ.जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि अभियान के तहत जिले में लक्षित 2.82 लाख बच्चों को खुराक दी जानी है। इसकी विभाग की और से तैयारी पूरी है। जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठकें व प्रशिक्षण आदि हो चूके हैं।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**कोटा,** (निसं)। श्री राम रघुनाथ गर्ग चौरिटेबल ट्रस्ट व इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में सर्वजातीय निशुल्क विवाह सम्मेलन रविवार,16 जून को रीको सामुदायिक भवन इंद्रा विहार में आयोजित किया जाएगा। श्रीराम रघुनाथ गर्ग चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता ने बताया कि विवाह सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। नवल किशोर गुप्ता ने बताया कि इस 33 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा नागरिक बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, विधायक कल्पना देवी भी जुगल जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचेंगे। नवल किशोर गुप्ता ने कहा सामूहिक विवाह सम्मेलन करवाने का उद्देश्य समाज में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर नवल किशोर गुप्ता के साथ रेडक्रॉस के स्टेट सेक्रेट्री जगदीश जिंदल, निदेशक महेन्द्र शर्मा, आयोजन समिति सदस्य हरीश गर्ग, वेद प्रकाश गर्ग,लखन मीणा, गिरिराज गर्ग, सत्यनारायण गर्ग, सुरेश चंद शर्मा, प्रांजल गर्ग, चंद्रकांत खंडेलवाल उपस्थित रहे।

### ट्रक यूनियन में खोली प्याऊ

**कोटा,** (निसं)। जून माह मे गर्मी के तेवर कम नहीं हो रहे है। उमस व गर्मी से लोगों के हाल बेहाल है। गर्मी से राहत के लिए लांयस क्लब कोटा द्वारा कूलर भेंट किया गया और प्याऊ खोला गया है। अध्यक्ष राम मदनानी ने बताया कि महिला आई.टी.आई कॉलेज डीसीएम रोड कोटा पर विद्यार्थिओं के लिए कूलर भेंट किया है। इसी कड़ी में ट्रक यूनियन में ट्रक डाईवर व राहगीरों के लिए प्याऊ का शुभारंभ लांयस क्बल कोटा द्वारा किया गया है। इस अवसर पर सचिव पवन पारेता, निर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद विजय, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खंडेलवाल, सुधारक बहेडिया, ममता विजय, लायन अरुण तुलसियान, लायन सुनील आनंद, विनोद अजवानी, रीटा अजवानी, जितेंद्र जैन, रमेश सहित सभी लायन सदस्य उपस्थिति रहे।

### शहरी क्षेत्र में छुटी हुई कॉलोनियों को अमृत 2.0 में लेने के लिए की मांग

**कोटा,** (निसं)। लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल एवं खेल राज्य मंत्री कृष्ण कुमार (के.के.) विश्नोई से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।अ विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री से मण्डाना क्षेत्र डार्क जोन होने के कारण एवं यहां पर वर्षभर पानी की किल्लत रहने से सिंचाई के लिए चम्बल से लिफ्ट द्वारा योजना बनाकर नहरी तंत्र विकसित करने की मांग की एवं पी.एच.ई.डी. मंत्री से छावनी में बिछी पुरानी पाईप लाईन को बदलकर नई पाईप लाईन डालने, नगर निगम कोटा उत्तर वार्ड नं. 20 एवं वार्ड 43 में पानी की पाईप लाईन डालने, बोरखेड़ा क्षेत्र में पिछली सरकार द्वारा अमृत जल योजना 2.0 में छोड़ी गई कॉलोनियों को शामिल कर सभी बची कॉलोनियों में पाईप लाईन डालने का आग्रह किया। साथ ही खेल राज्यमंत्री के.के. विश्नोई से लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र में मिनी स्टेडियम एवं खिलाड़ियों को किट उपलब्ध कराने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों ने विधायक को उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# विकसित भारत के निर्माण में चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका महत्वपूर्ण-एडिशनल एसपी

**कोटा,** (निसं)। कोटा सीए ब्रांच की ओर से शनिवार को जलसा वीकेंड कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके अंतर्गत दो दिवसीय चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रीमियर लीग (सीएपीएल)-2024 का बूंदी रोड स्थित टर्फ ग्राउंड में आयोजन किया गया।

प्रोग्राम डायरेक्टर सीए आशीष व्यास, सीए विष्णु गर्ग एवं सीए सौरभ जैन ने बताया कि जलसा वीकेंड कार्यक्रम के तहत शनिवार को दो दिवसीय सीएपीएल बॉक्स टूर्नामेंट-2024 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी संजय शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका महत्वपूर्ण है। राजस्थान समेत देश की इकोनॉमी को आगे बढ़ाने में चार्टर्ड अकाउंटेंट अपनी जिम्मेदारी बखूबी रूप से निभा रहे हैं। सीए सदस्यों के लिए प्रोफेशनल भरी जिंदगी में भाग-दौड़ बनी रहती है। ऐसे में प्रोफेशनल भरी लाइफ में सीए सदस्यों को खेलकूद गतिविधियां में बराबर भागीदारी निभानी चाहिऐं। खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से स्ट्रेस को दूर किया जा सकता है। कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए प्रकाश चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 क्रिकेट टीमों ने पार्टिसिपेट किया, जिसके अंतर्गत ऐबीएम रॉयल्स, बारां रॉयल, बीवीसी इलाइट टाइटंस, के-क्लेन, पावर हिटर्स, एस के वारियर्स, दी बूंदी दरबार एवं विजय नाइट्स की टीमों ने भाग लिया। पहला मुकाबला 8-8 ओवर का पावर हिटर्स व बीवीसी इलाइट टाइटंस टीमों के बीच खेला गया, जिसमें पॉवर हिटर्स ने पहले खेलते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 47 रन बनाए, जिसके जबाब में बीवीसी इलाइट टाइटंस ने ये मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार बीवीसी इलाइट टाइटंस टीम के सीए मुसावीर खान को मिला। इस मौके पर वरिष्ठ सीए सदस्य सीए बद्री विशाल माहेश्वरी, कार्यक्रम समन्वयक सीए विकास गोस्वामी, सीए अतिशय जैन, सीए शब्बीर हुसैन, सीए वैभव जैन, सीए आशीष जैन, सीए मुशव्वीर खान, सीए सचिन मंगल व सिकासा कमिटी के चेयरमैन सीए शशांक गर्ग समेत कोटा, बारां, झालावाड़ व बूंदी के कई सीए सदस्यों ने भाग लिया।

# गंगा अवतरण दिवस पर 16 जून को चम्बल दर्शन एवं महाआरती

**कोटा,** (निसं)। गंगा अवतरण दिवस पर 16 जून को सायं चम्बल संसद के आव्हान पर चम्बल दर्शन एवं महाआरती किशोरपुरा स्थित गोविंद धाम इस्कॉन मंदिर पर सायं 5.30 पर होगी। चम्बल संसद के संयोजक बृजेश विजयवर्गीय, अध्यक्ष केबी नंदवाना ने बताया कि चम्बल महाआरती से पूर्व नदी प्रेमियों की संगोष्ठी में विधायक संदीप शर्मा, गोदावरी धाम के संचालक बाबा शैलेंद्र भार्गव, वानर सेना के संरक्षक गजेंद्र भार्गव, पर्यावरण प्रेमी राजस्थान सेवा भारती आपदा प्रबंधन प्रभारी महेंद्र भारती, इस्कॉन मंदिर के प्रभु मायापुरी दास, अनिल शर्मा एवं पर्यावरण प्रेमी गणमान्य लोग भाग लेंगे। कोटा एनवायरनमेंटल सेनीटेशन सोसायटी के सचिव डॉक्टर विनीत महोबिया ने बताया कि रेप्टाइल्स-डे की पूर्व संध्या पर इस्कॉन सभागार में सरीसृप विज्ञान विभाग चम्बल पर घड़ियाल, मगर मच्छो पर भी चर्चा की जाएगी राष्ट्रीय जल बिरादरी, बाघ-चीता मित्र, तरुण भारत संघ, पर्यावरण गतिविधियां, कोटा एनवायरनमेंटल सेनीटेशन सोसायटी, एवं मित्रगणों को आमंत्रित किया गया है।

# हाड़ौती लघु चित्र बनाने में चाहिए धैर्य, एकाग्रता, समय और जुनून

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती की लघु चित्र शैली दुनियाभर में अपना अलग ही स्थान रखती है, आज भी दुनिया के कई देशों में यहां की चित्र शैली के कद्रदान हैं। हाड़ौती लघु चित्र शैली के सिद्धहस्त चित्रकार मोहम्मद शेख लुकमान युवाओं को तैयार तो कर रहे हैं लेकिन युवाओं में इसका रुझान कम हैं। उन्होंने कहा कि इस शैली को सीखने के लिए धैर्य, एकाग्रता, समय और जुनून चाहिऐं साथ ही रोजगार की इसमें तलाश की जाती है, लेकिन उतना कलाकार को मिलता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यहां के कलाकार ऐसे रहें हैं जो पूरी घटना को एक चित्र में समाहित कर देते हैं। हाड़ौती संभाग की 400 साल पुरानी इस कला को जीवंत रखने, युवाओं को इस कला से जोड़ने और नए लोग आगे आए इसी उद्देश्य से राजस्थान ललित कला अकादमी एवं कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, जयपुर द्वारा हाड़ौती लघु चित्र शैली का प्रशिक्षण कला दीर्घा में 26 जून तक दिया जा रहा है। समन्वयक डॉ.राकेश सिंह ने बताया कि हाडौती क्षेत्र की लघु चित्र शैली को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए इस शैली के सिद्धहस्त चित्रकार मोहम्मद शेख लुकमान एवं उनके सहयोगी द्वारा युवाओं व कलाकार व इस शैली से जुड़े" लोगों को इसकी बारिकियां सिखा रहे हैं। इस आयोजन के तहत युवाओं को कला साहित्य से जोड़ना और हाड़ौती की कला को उचित स्थान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। हाड़ौती की चित्र शैली देश दुनिया में अपना अलग स्थान रखती है। कांच का ऐसा काम है, जो दुनिया में नहीं दिखेगा-राकेश सिंह ने कहा कि यह कला मुख्य रूप से बूंदी की है, लोकिन कई लोग कोटा आए इस कला का विस्तार हुआ, लेकिन अब यह कला धीरे-धीरे लुल्प हो रही है, जिसे बचाने की कोशिश प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजा महाराजाओं के समय इसका काफी बोलबाला था और कला की कद्र हुआ करती थी, लेकिन अब अंतर्राष्ट्रीय लेवर के कलाकार भी इसे बचाने में जंदो-जहद कर रहे हैं। इसके साथ ही कांच पर कलाकारी भी यहां की पहचान हैं जो कई महलों में आज भी दिखाई देती है।

# आज यहां बिजली बंद रहेगी

**कोटा,** (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण रविवार को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक रोड नंबर 6, 7, रूंगठा इंडस्ट्रीज, ट्रॉली मार्केट के पास, मजार के पास, गंभीर उद्योग, बुरहानी वाली गली, भामाशाह मंडी क्षेत्र के सामने, प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय के पास आदि। सुबह 8 से 10.30 बजे तक- एचडीएफसी बैंक व आसपास, श्रीराम कॉलोनी, सुबह 7 से 10.30 बजे तक- किशोपुरा, संजय बस्ती, बजरंग बस्ती, ईदगाह क्षेत्र के पीछे, गोविंदधाम मंदिर क्षेत्र के सामने, सुबह 11 से दोपहर 1.30 बजे तक- फिजिक्स वाला, वाइब्रेंट एकेडमी, बंसल क्लासेज, रोड नंबर 2, 3, 5, डकनिया रोड, बीएसएनएल ऑफिस व आसपास, लोकहित रेजीडेंसी, होटल पार्क जोन, राहुल ट्रांसफार्मर, महिंद्रा शोरूम, केआईए शोरूम, हुंडई शोरूम, रीको ऑफिस, रोड नंबर 1, स्टील यार्ड, बीएसएनएल ऑफिस, कोटा दाल मिल रोड, डकनिया स्टेशन रोड, अनीता इंडस्ट्रीज के आसपास, कोटा हुंडई वर्कशॉप के पास, अंबेडकर नगर, ओम इटरनिटी, शगुन लक्सर, ओम इंपीरियल, गणपति डेवलपर्स, अंबेडकर नगर, विज्ञान नगर विस्तार योजना सेक्टर 6,7, 8 और 9, गणेश नगर, इंदिरा गांधी नगर, संजय गांधी नगर सेक्टर 1, पीएंडटी कॉलोनी, झाड़ू बस्ती, उड़िया बस्ती, अमन कॉलोनी, वेयर हाउस, राजीव गांधी नगर स्पेशल, दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक-एससीएसए हाउसिंग सोसाइटी, चंबल औद्योगिक क्षेत्र, मल्टीमेटल के सामने, सूरसागर 1, 2, 3 , बॉम्बे योजना, अपना घर योजना, जेके नगर, उद्योग नगर थाना, लुहारिया बस्ती, कोटा दाल मिल, , सूर्य नगर, गुलाबजी का मोहल्ला, एसआर पब्लिक स्कूल, नागपाल बस्ती, लोहा कॉम्प्लेक्स, इंदिरा बस्ती, अंबेडकर नगर, खाटू मिल आदि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाईड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण एवं स्काउट गाईड ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मण्डल केशवपुरा के संयुक्त तत्वावधान में मनाए जा रहे जल एवं पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को कब बुलबुल स्काउट गाइड ने रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संयोजक प्रवीण शर्मा ने बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय की पूर्व विभाग संयुक्त मंत्री कमलेश मीणा, प्रकाश जायसवाल, पप्पू लाल वर्मा, अनंत गंगवाल, नीलम पारेता ने रैली को सम्बोधित किया। रैली में गाईड्स ने स्लोगन और नारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कमलेश मीणा ने स्वच्छ पर्यावरण को जीवन का आधार बताते हुए।

# सेवा और कल्याण के मार्ग पर अग्रणी है माहेश्वरी समाज : बिरला

**कोटा,** (निसं)। महेश नवमी का दिन समाज को सेवा और कल्याण का मार्ग दिखाता है। यह दिन हमें परोपकार और सेवा की भावना को सशक्त करने को प्रेरित करता है। भगवान शिव के आदर्शो की पालना करते हुए माहेश्वरी समाज देश और समाज को मजबूत करने गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में खुशहाली लाने का प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने महेश नवमी के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ भी किया।

वे स्वयं काफी देर तक शोभा यात्रा में पैदल चले। इंद्र विहार से प्रारंभ होकर यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई श्रीनाथुपरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल पहुंच कर समाप्त हुई। वहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि माहेश्वरी समाज हर क्षेत्र में देश के प्रति अतुलनीय योगदान दे रहा है। व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक, राजनीतिक और अध्यात्म, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कला और संगीत तथा खेल और साहित्य सहित हर क्षेत्र में आज माहेश्वरी समाज अतुलनीय योगदान दे रहा है। समय से आगे की सोच के साथ समाज ने स्वयं को प्रगतिशील बनाए रखा जिसका लाभ सम्पूर्ण समाज को मिल रहा है।

नीलकंठ महादेव मंदिर में किया अभिषेक-इससे पूर्व शनिवार सुबह लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महेश नवमी के अवसर नीलकंठ महादेव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक किया। बिरला ने वहां विधि विधान से पूजा करते हुए देश की उन्नति और देशवासियों के कल्याण की कामना की।

बालक की मृत्यु पर जताई संवेदना-लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने शनिवार को कैथूनीपोल जाकर वहां डीजे के स्पीकर गिरने से बालक नितिन बैरागी की मृत्यु पर परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# सीमेंट की नई पैंकिंग की लॉचिंग

**कोटा,** (निसं)। मंगलम सीमेंट का बिरला उत्तम अब नये स्वरूप में नजर आएगा। पीले रंग में आकर्षक पैंकिंग के साथ बिरला उत्तम के इस नये स्वरूप का शनिवार को झालावाड़ रोड़ स्थित एक होटल में लॉंचिंग की गई। कार्यक्रम में कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, सवाईमाधोपुर, करौली, टोंक जिले के लगभग 125 डीलर्स व प्रमोटर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मार्केटिंग सेल्स के जनरल मैनेजर राजेश कल्ला ने कहा कि मंगलम सीमेंट की नई पैकिंग जहां मंगलम सीमेंट के उपभोक्ताओं को लुभाएगी, वहीं इसकी नई पैकिंग की वजह से सीमेंट के डीलरों व प्रमोटर्स को भी माल बेचने में काफी आसानी होगी, जिसकी वजह से उनमें उत्साह बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में कंपनी द्वारा 38 लाख टन सीमेंट बेचने का लक्ष्य तय किया है, जिसमें हम सभी मिलकर पूरा करने का प्रयास करेंगे। समारोह में डीजीएम अमित पाण्डे, टेक्निकल मैनेजर गौरव शर्मा ने सीमेंट की क्वालिटी पर कहा कि मंगलम सीमेंट ने पिछले 45 वर्षों में निर्माण क्षेत्र का भरोसा कायम रखा है। इस सीमेंट में नैनोपार्टिकल्स हैं, जो कंक्रीट को ठोस और टिकाउ बनाता है।

# महेश नवमी महोत्सव पर 201 शिवलिंग का महाभिषेक

**कोटा,** (निसं)। महेश नवमी के अवसर पर भगवान शिव का महाभिषेक विशेष आकर्षक का केन्द्र होता है। माहेश्वरीबंधुओं ने सापत्निक 201 शिवलिंग का महाशिवाभिषेक झालावाड़ रोड़ स्थित माहेश्वरी भवन पर विधि विधान से प्रात: 8.15 बजे किया। समन्वयक राजेश माहेश्वरी व सिद्धेश्वर झंवर ने बताया कि महाभिषेक कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक राजेश कृष्ण बिरला, हरिकृष्ण बिरला, रामकृष्ण बिरला व दयाकृष्ण बिरला सहित समस्त बिरला परिवार होगा। मुख्य समन्वयक महेश चंद अजमेर ने बताया कि महाभिषेक विद्वान पंडितों द्वारा विधि विधान से सम्पन्न हुआ। माहेश्वरी बंधुओ ने एकजुट होकर मंगल पाठ, शुद्धीकरण, स्वास्तिक पूजन, संकल्प, गणपति, देव व नवग्रह पूजन से महाभिषेक प्रारंभ किया। इसी के साथ शहर के विभिन्न मंदिरों में महाभिषेक किया जाएगा। श्री चारभुजा मंदिर, सती चबूतरा पाटनपोल, नीलकंठ महादेव मंदर टिपटा, गोविंद देवजी मंदिर गढ़ पैलेस पर पूजन व अभिषेक होगा। सभी ने शिवलिंग में प्राण-प्रतिष्ठा कर रुद्राभिषेक व उत्तर पूजन पूर्ण किया गया।इसके उपरांत एक साथ महाआरती कर पूरे परिसर को भक्तिमय माहौल में भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।



कोटा में महेश नवमी के अवसर पर भगवान शिव का अभिषेक किया गया है।

# रक्तदान में रिकॉर्ड बना रहा कोटा शहर, बढ़ रही ख्याति : दिनेश विजय

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा नगरी कोटा ने अब रक्तदान की शिक्षा दे रहा है, लोगों को मोटिवेट कर रहा है और रक्तदान के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए एक नई इबारत लिख रहा है। कोटा शहर ने उत्साह, उमंग और जोश के साथ रक्तदाता दिवस मनाया। इस अवसर पर 28 रक्तदाताओं और एसडीपी डोनर्स का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मां भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष दिनेश विजय, विजयवर्गीय महासभा की महिला सह-संयोजिका पुष्पांजलि विजय और टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता द्वारा इन रक्त विभूतियों का सम्मान किया गया। सेवा के नायक के रूप में पहचान रखने वाले टीम जीवनदाता के वर्द्धमान जैन, धीरेंद्र पोरवाल, रजनीश खण्डेलवाल, अंकित पोरवाल, नितिन मेहता, मनीष माहेश्वरी, आशीष खंडेलवाल, रोहित, विपुल गुप्ता, रक्तकोष फाउंडेशन के लोकेश प्रजापति, हाड़ौती ब्लड डोनर सोसाइटी के कोटा जिलाध्यक्ष मनोज चंचलानी, रविंद्र मालव, विष्णु शर्मा, स्वाति कश्यप, रामप्रसाद मीणा, वंदना प्रजापति, वीरेंद्र मालव, सोनू मीना, महावीर मालव सहित 28 रक्तदाताओं और एसडीपी डोनर्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिनेश विजय ने कहा कि रक्तदान में कोटा रिकॉर्ड बना रहा है और शहर की ख्याती बढ़ती चली जा रही है, कोटा में एक भी ऐसा जरूरमंद नहीं है जिसकी गुहार लगी हो और उसकी मदद नहीं की गई हो। हर मरीज के परिजनों को कभी रक्त तो कभी एसडीपी उपलब्ध कराई है। पुष्पांजलि विजय ने कहा कि इस कार्य के लिए महिलाएं भी पीछे नहीं रही और उन्होंने भी बढ़चढ़कर रक्तदान किया और आज कोटा शहर में सैकड़ों महिलाएं हैं जो रक्तदान के लिए तैयार रहती हैं। भुवनेश गुप्ता ने कहा कि यह कोटा शहर ही है जहां सेवा को जुनून के साथ किया जाता है, कर्तव्य के साथ, दायित्व के साथ और मन में सेवा के भाव के साथ किया जाता है। इस सेवा के कंपीटिशन में कई ऐसे लोग हैं जो बस केवल मैसेज के इंतजार में बैठे रहते हैं और एक संदेश पर सेवा के लिए दिन रात कभी भी दौड पड़ते हैं। इस सेवाभावी सेवा नायकों को शॉल ओढ़ाकर, पुष्पहार पहनाकर व प्रशस्तिपत्र भेंट कर सम्मान किया गया।


Bank of Baroda

लाखेरी शाखा, बॉटम लेवल लाखेरी तहसील इंद्रगढ़, बूंदी (राजस्थान)-323603, दूरभाष नं.: 8094007094

**लॉकर धारक को नोटिस**

यह उन मूल्यवान संरक्षकों की जानकारी के लिए है जिन्होंने बैंक की विभिन्न शाखाओं में लॉकर किराए पर लिए हैं और समय पर किराए का भुगतान नहीं किया है, बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किराएदार को उनके रिकॉर्ड किए गए पते पर नोटिस भेजा गया लेकिन कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। अब यह अंतिम नोटिस नीचे नामित व्यक्ति को संबंधित शाखा लाखेरी से संपर्क करने और 90 दिनों की अवधि अर्थात दिनांक 17.09.2024 के भीतर बैंक की बकाया राशि को चुकाने के लिए दिया जाता है, ऐसा न करने पर बैंक अपने खर्चे, जोखिम और जिम्मेदारी पर लॉकर को खोलने के लिए आगे बढ़ेगा। और बैंक बकाया किराया, लागत और अन्य शुल्कों की वसूली के लिए मालसूची पर धारणाधिकार के अपने अधिकार का प्रयोग करेगा।

| क्रं. सं. | लॉकर धारक के नाम सहित संयुक्त धारक | लॉकर धारक का पता | लॉकर सं. और प्रकार | दिनांक से अतिदेय |
|---|---|---|---|---|
| बैंक ऑफ बड़ौदा - लाखेरी शाखा | | | | |
| 1 | राज पाल सिंह पुत्र मोतीलाल | रेलवे स्टेशन लाखेरी, इंद्रगढ़ बूंदी-323603 | (पुराना नं.) 57 (नया नं.) 0812AX0119 | 16.04.2015 |



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां**

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2024/2954 **लोक सूचना** दिनांक:-14.06.2024

श्री ललित मीणा पुत्र हेमराज जाति मीणा निवासी गदरेटा तह. शाहबाद जिला बारां हाल मुकाम कालेज रोड बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (पेट्रोल पम्प प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | गजनपुरा | 824/712 | 0.61 है. में से 2275 वर्गमीटर |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां